# फ्रेशर पार्टी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 2022-23













## टारगेट महाविद्यालय मैनेजमेंट टीम



**अशोक गोरा**
निदेशक
M.: 9887440025



**डॉ. एन.पी. शर्मा**
प्राचार्य
M.: 9887442160



**विजेन्द्र सिंह**
उप-प्राचार्य
M.: 7737701757



**सुनील कुमार शर्मा**
एकेडमिक मैनेजर
M.: 9660498890

मान्यता क्रमांक : F4(375) आकाशि/नि.सं./2010/403




# टारगेट महाविद्यालय

## विज्ञान एवं कला संकाय

राजस्थान सरकार द्वारा स्थायी मान्यता प्राप्त
एवं राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता

(सह-शिक्षा)

## विवरणिका 2023-24

Contact : 9887442160, 9887440025, 7737701757

टारगेट कॉलोनी, कचौलिया रोड़, चौमूँ (जयपुर-राज.) 303702

website : www.targetcollegechomu.in | Email Id : targetcollegechomu01@gmail.com

Cover Page Outside

## सांस्कृतिक व पुरस्कार वितरण समारोह में पधारें अतिथिगणों का स्वागत करते हुए निदेशक श्री अशोक गोरा



## उत्कृष्ट परिणाम देने पर सम्मानित व्याख्यातागण



Cover Page inside

# टारगेट महाविद्यालय

## अध्यापन एवं पाठ्यक्रम सुविधाऐं

**1. विज्ञान संकाय**

(1) बी.एस.सी.पार्ट-प्रथम

(क) अनिवार्य विषय : 1. सामान्य अंग्रेजी 2. सामान्य हिन्दी 3. प्रारम्भिक कम्प्यूटर 4. पर्यावरण अध्ययन 5. आनन्दम्

(ख) वैकल्पिक विषय : निम्नलिखित विषयों में से कोई तीन विषय जिनकी अनुशंषा प्रवेश समिति करे।
1. भौतिक शास्त्र 2. गणित 3. रसायन शास्त्र 4. वनस्पति शास्त्र 5. प्राणी शास्त्र

(2) बी.एस.सी. पार्ट - द्वितीय - बी.एस.सी. पार्ट प्रथम में लिए गये प्रत्येक वैकल्पिक विषय के पाठ्यक्रम प्रश्न-पत्र

(3) बी.एस.सी. पार्ट - तृतीय- बी.एस.सी. पार्ट प्रथम व द्वितीय में लिए गये प्रत्येक वैकल्पिक विषय के पाठ्यक्रम प्रश्न-पत्र

**2. कला संकाय**

(1) बी.ए. पार्ट - प्रथम

(क) अनिवार्य विषय : 1. सामान्य अंग्रेजी 2. सामान्य हिन्दी 3. प्रारम्भिक कम्प्यूटर 4. पर्यावरण अध्ययन 5. आनन्दम्

(ख) वैकल्पिक विषय : निम्नलिखित विषयों में से किसी तीन का चयन करें -
1. हिन्दी साहित्य 2. अंग्रेजी साहित्य 3. समाजशास्त्र 4. इतिहास 5. लोकप्रशासन 6. राज. विज्ञान 7. चित्रकला 8. भूगोल 9. अर्थशास्त्र

(2) बी.ए.पार्ट - द्वितीय - बी.ए.पार्ट - प्रथम में लिये गये प्रत्येक वैकल्पिक विषय के दो-दो प्रशन-पत्र

(3) बी.ए.पार्ट.-तृतीय - बी.ए. पार्ट - प्रथम व द्वितीय में लिये गये प्रत्येक वैकल्पिक विषय के दो-दो प्रश्न-पत्र

## सामान्य नियम

- किसी भी विद्यार्थी की अकारण कक्षा से अनुपस्थिति रहने पर उसके अभिभावकों को सूचित किया जायेगा।
- छात्रों को महाविद्यालय में अपनी साईकल, स्कूटर आदि वाहन नियत स्थान पर ही स्वयं की जिम्मेदारी पर खड़े करने होंगे।
- यदि किसी छात्र का व्यवहार महाविद्यालय के प्रांगण में या बाहर कहीं भी ऐसा हो जिससे महाविद्यालय की गरिमा को क्षति पहुँचे तो प्राचार्य को इस बात का पूर्ण अधिकार होगा कि वह उस छात्र को उचित दण्ड दे सके/ निलम्बित कर सके/ निष्कासित कर सके।
- छात्रों द्वारा धूम्रपान व नशीले पदार्थों का सेवन पूर्णत: वर्जित है। महाविद्यालय प्रागंण में यदि कोई छात्र ऐसा करता पाया गया तो उसे महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है एवं एफ.आई.आर. भी लिखाई जा सकती है। जिसका पूर्ण उत्तरादायित्व स्वयं छात्र का होगा।
- छात्रों को हर वर्ष वार्षिक परीक्षा में बैठने से पूर्व, सभी प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेलकूद, लेखाशाखा आदि से 'अदेय प्रमाण-पत्र' No Dues प्राप्त करना होगा अन्यथा प्राचार्य उन्हे परीक्षा में बैठने से रोक सकते हैं।
- छात्रों को प्रतिदिन महाविद्यालय के सूचना पट्ट को अवश्य देखना चाहिए, क्योंकि कार्यालय ऐसे किसी बहाने को मान्यता नहीं देगा कि छात्र ने सूचना पट्ट नहीं देखा था अथवा छात्र को किसी आदेश या सूचना की जानकारी नहीं थी या बीमारी के कारण लम्बे समय तक महाविद्यालय में नहीं आ पाया था।
- महाविद्यालय के सभी नियमित छात्रों को प्रतिवर्ष एक परिचय पत्र प्रवेश पत्र के साथ ही दिया जायेगा। परिचय पत्र अहस्तांतरणीय है। उसका दुरूपयोग न हो, इसलिए परिचय पत्र सत्र् में एक बार ही दिया जायेगा। विशेष परिस्थिति में 100/- रू. शुल्क जमा कराने तथा शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर ही नया परिचय-पत्र दिया जा सकेगा। यह सुविधा भी सत्र में केवल एक बार ही दी जायेगी।
- छात्रों को प्राध्यापक वर्ग के प्रति उचित सम्मान तथा महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों के प्रति सद्व्यवहार रखना चाहिए। हर रोज प्रथम बार दिखने पर अभिवादन अवश्य करें।



## सामान्य नियम

- चरित्र प्रमाण-पत्र वर्ष में अधिक से अधिक दो बार दिया जा सकता है। एक प्रमाण-पत्र का शुल्क 50/- रू. होगा। कोई भी छात्र महाविद्यालय से मुद्रित चरित्र प्रमाण-पत्र के अतिरिक्त अन्य रूप से प्रमाण-पत्र चाहता है तो वह आवेदन करने व 50/- रू. का शुल्क जमा कराने पर ही दिया जा सकेगा।
- प्रवेश उपरान्त प्रत्येक छात्र महाविद्यालय का अभिन्न अंग बन गया है। अत: उसे महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाने में सतत् प्रयत्नशील रहना चाहिए।
- इन नियमों में परिवर्तन एवं परिवर्द्धन करने का प्राचार्य को पूर्ण अधिकार है।
- प्रचार्य द्वारा इन नियमों की व्याख्या एवं छात्रों से संबंधित शैक्षणिक निर्णय अन्तिम होंगे।
- एन.सी.सी./रोवर-स्काउटिंग/ राष्ट्रीय सेवा योजना / खेलकूद के शिविरों / प्रवृतियों एवं प्रमाण-पत्रों की परीक्षाओं तथा उनके परिणाम हेतु प्रत्येक छात्र को सदैव सतर्क रहना चाहिए।
- रैगिंग एक जघन्य अपराध है उस पर कानूनी कार्यवाही करना महाविद्यालय का उत्तरदायित्व है। अत: कोई भी छात्र रैगिंग की दुष्प्रवृत्ति के समीप भी नहीं जावें। राष्ट्रीय/राज्य/उच्च न्यायालय स्तर पर इसे कानूनी उपराध घोषित किया हुआ है।
- महाविद्यालय में मोबाइल लाना कानूनी अपराध है। महाविद्यालय परिसर में मोबाईल लाने पर 100/-रू. दण्ड देय होगा।

### उपस्थिति सम्बन्धी नियम

विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने हेतु प्रत्येक छात्र की हर विषय में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है। राज्य सरकार तथा कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय द्वारा उपस्थिति के संबंध में कठोरता से पालन करने का निर्देश दिया गया है। कुल व्याख्यानों की संख्या सत्र के प्रारम्भ से ही गिनी जाएगी, चाहे छात्र ने सत्र के किसी भी दिन प्रवेश लिया हो। उपस्थिति कम होने की दशा में उसे वार्षिक परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा अथवा स्वयंपाठी घोषित कर दिया जायेगा।

### विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने सम्बन्धी नियम

1. सभी संकायों की सभी वार्षिक परीक्षाऐं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होंगी।
2. विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने के के लिए छात्र को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी।

(क) जिस परीक्षा में छात्र सम्मिलित हो रहा है, उसके लिए उसने विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट आवश्यक योग्यता पूरी कर ली हो।

(ख) वह विश्वविद्यालय में नामांकित हो गया हो।

(ग) उसकी उपस्थिति विश्वविद्यालय के नियमानुसार पूरी हो।

(घ) छात्र ने महाविद्यालय के प्रति सभी प्रकार की देयता का भुगतान करके बकाया मुक्ति प्रमाण-पत्र ले लिया हो, छात्र का प्रवेश विश्वविद्यालय के नियमों के अनुकूल हो।

### पुस्तकालय एवं वाचनालय के नियम

महाविद्यालय का पुस्तकालय एवं वाचनालय "महाविद्यालय की आत्मा है"। यह एक विशाल एवं सुन्दर कक्ष में स्थित है। पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की पुस्तकों का उत्कृष्ट संग्रह हैं। प्रतिवर्ष नियमित रूप से नई पुस्तकें भी खरीदी जाती हैं। फलत: पुस्तकालय समृद्ध होता जा रहा है। इसमें 3500 से अधिक पठनीय ग्रन्थ हैं। वाचनालय में दैनिक समाचार-पत्र तथा विभिन्न विषयों के अनेक पत्र-पत्रिकाऐं नियमित रूप से आती हैं। प्रत्येक छात्र से अपेक्षा की जाती है कि वह पुस्तकालय एवं वाचनालय का अधिकाधिक उपयोग करे एवं अपना समय इधर-उधर व्यर्थ नष्ट न करे।

### (क) छात्रों के लिए पुस्तकालय सम्बन्धी नियम -

1. पुस्तकालय पूर्वाह 10:30 बजे से सायं 02:30 बजे तक खुला रहेगा।
2. प्रत्येक छात्र को प्रवेश पत्र एवं परिचय पत्र दिखाने पर पुस्तकालय से दो कार्ड मिलेंगे, जिन्हें पुस्तक निकलवाते समय पुस्तकालय में प्रस्तुत करना होगा। पुस्तक जितने दिन छात्र के पास रहेगी, कार्ड पुस्तकालय में रखा रहेगा और पुस्तक लौटाने पर कार्ड छात्र को लौटा दिया जायेगा।
3. एक छात्र एक बार में केवल दो पुस्तकें ही ले सकेगा।
4. एक छात्र एक बार में किसी पुस्तक को अधिकतम 15 दिन तक रख सकता है। यदि पुस्तक अन्तिम तारीख तक नहीं लौटाई गई तो 1 रूपया प्रतिदिन (अवकाश के दिनों सहित) विलम्ब शुल्क देना होगा।
5. पुस्तक एक बार देने के पश्चात् दूसरी बार ठीक आगामी अवधि के लिए तब ही दी जायेगी जबकि अन्य विद्यार्थी ने उक्त पुस्तक की मांग न की हो। यह अवधि 7 दिन से अधिक नहीं होगी और इसके समाप्त होने के पश्चात् तीसरी बार पुस्तक नहीं दी जायेगी।
6. पुस्तकालय की संदर्भ पुस्तकें किसी भी छात्र को घर के लिए नहीं दी जायेंगी।
7. पुस्तकालय से पुस्तक लेते समय छात्र देख लें कि पुस्तक में पृष्ठ सही है यदि पुस्तक वापसी के समय पृष्ठ कम पाये गये तो इसका उत्तरदायित्व स्वयं छात्र का ही होगा। पुस्तक में से पृष्ठ फाड़ना, पुस्तक को नष्ट करना यह एक जघन्य अपराध है। दोषी छात्र को पुस्तक का पूरा दुगुना मूल्य अदा करना होगा तथा इसके अतिरिक्त उसे 100/- रू. से दण्डित भी किया जा सकता है। पुस्तक खोने पर पुस्तक की दुगुनी कीमत वसूल की जावेगी।
8. यदि पुस्तकालय कार्ड खो जाये तो पुस्तकालयाध्यक्ष के पास निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करके व साथ में 50/-रू. जमा कराने पर नया कार्ड दिया जा सकता है।
9. पुस्तकालय कार्ड पूर्णत: अहस्तांतरणीय होगा।
10. सत्र के समाप्त होने से पूर्व प्रत्येक छात्र को सभी पुस्तकें, पुस्तकालय कार्ड आदि पुस्तकालयाध्यक्ष को लौटाकर बकाया मुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा, जिसके बिना उसका परीक्षा प्रवेश पत्र नहीं मिलेगा।
11. पुस्तकालय व वाचनालय संबंधी कोई भी कठिनाई होने पर छात्र पुस्तकालयाध्यक्ष से सम्पर्क करें।

## (ख) वाचनालय सम्बंधी नियम :-

1. वाचनालय कक्ष में छात्रों द्वारा बात करना, शांति भंग करना, या अन्य पाठकों के अध्ययन में विघ्न डालना वर्जित है। जो छात्र ऐसा करते पाये जायेंगे उनके प्रति कड़ी कार्यवाही की जायेगी।
2. छात्रों को पत्र-पत्रिकाएँ घर के लिए नहीं दी जायेंगी।
3. यदि छात्र पुस्तकालय या वाचनालय की किसी सम्पत्ति, पुस्तक व पत्र-पत्रिका को किसी प्रकार से क्षति पहुँचाता पाया जाएगा तो उसे सख्त दण्ड दिया जाएगा। ऐसे अपराधी को उस वस्तु की, जिसे उसने क्षतिग्रस्त किया है दुगुनी कीमत देनी होगी तथा अपराध की गम्भीरता के अनुसार प्राचार्य उसे अन्य दण्ड भी दे सकते हैं।

## अति महत्वपूर्ण बिन्दु :-

1. राष्ट्रीय समारोहों पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र/छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी।
2. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं से पार्किंग का शुल्क नहीं लेता है अत: विद्यार्थी अपने वाहनों की सुरक्षा स्वयं करें।
3. महाविद्यालय में प्रथम बार प्रवेश पाने वाले छात्र को विश्वविद्यालय से नामांकन करवाना होगा। अत: इस हेतु विद्यार्थी सजग रहें। समय पर नामांकन फार्म भरें। अन्यथा विश्वविद्यालय उनका परीक्षा परिणाम रोक देगा।
4. छात्र सभी प्रकार के शुल्कों की रसीदें संभालकर रखें।
5. मूल अंक तालिका एवं अन्य मूल दस्तावेज जमा कराने से पूर्व उचित संख्या में उनकी फोटो प्रति अपने पास भविष्य में काम आने के लिए अवश्य रखें।
6. अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की प्रगति के बारे में समय-समय पर जानकारी प्राप्त करते रहें। विशेषत: उपस्थिति की कमी की ओर अवश्य ध्यान देवें।
7. महाविद्यालय में प्रत्येक विद्यार्थी परिचय पत्र लेकर आवे अन्यथा उसे महाविद्यालय परिसर से बाहर भी किया जा सकता है।
8. ध्यान रहें, प्रत्येक विषय में छात्र की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।
9. परिचय पत्र का हस्तान्तरण एवं दुरूपयोग दण्डनीय उपराध है।
10. महाविद्यालय में प्रतिदिन आने व प्रथम बार मिलने पर बड़ों, गुरूजनों आदि को अभिवादन अवश्य करें। यह आपकी गरिमा का परिचायक होगा।

## अनुशासन :-

अनुशासन के बिन्दु पर कोई समझौता नहीं होगा। संस्था के कार्यक्रमों, पुस्कालय, वाचनालय, कक्षा, खेल के मैदान आदि सभी में अनुशासन में रहना होगा। अनुशासनहीनता कभी भी, कहीं भी बर्दाशत नहीं होगी।

## ACADEMIC CALENDAR SESSION- 2023-24

| MONTH | SUNDAY | HOLIDAYS | TOTAL HOLIDAYS WITH SUNDAY | ACADEMIC DAYS | EXTRA CURRICULAR ACTIVITIES |
|---|---|---|---|---|---|
| JULY 2023 (31DAYS) | 05 | 29/07/2023 - MUHARRAM | 06 | 25 | 03/07/2023 – GURU PURNIMA<br>11/07/2023 – WORLD POPULATION DAY |
| AUGUST 2023 (31 DAYS) | 04 | 15/08/2023 – INDEPENDENCE DAY<br>30/08/2023 – RAKSHABANDHAN | 06 | 25 | 29/08/2023 – NATIONAL SPORTS DAY |
| SEPTEMBER 2023 (30 DAYS) | 04 | 07/09/2023 – JANMASHTAMI<br>25/09/2023 – RANDEV JAYANTI AND TEJA DASAMI<br>28/09/2023 – EID-E-MILAD | 07 | 23 | 05/09/2023 – TEACHER'S DAY<br>14/09/2023 - HINDI DIWAS |
| OCTOBER 2023 (31 DAYS) | 05 | 15/10/2023 – NAVRATRA STHAPANA<br>22-24/10/2023 – DUSSEHRA BREAK | 07 | 24 | 02/10/2023 – GANDHI JAYANTI<br>31/10/2023 – NATIONAL UNITY DAY |
| NOVEMBER 2023 (30 DAYS) | 04 | 10-15/11/2023 – DEEPAWALI BREAK<br>27/11/2023 – GURU NANAK JAYANTI | 10 | 20 | 26/11/2023 – COSTITUTION DAY |
| DECEMBER 2023 (31 DAYS) | 05 | 25/12/2023 – CHRISTMAS DAY<br>26-31/12/2023 – SUMMER VACATION | 11 | 20 | 01/12/2023 – WORLD AIDS DAY<br>10/12/2023 – HUMAN RIGHTS DAY |
| JANUARY 2024 (31 DAYS) | 04 | 14/01/2024 – MAKAR SANKRANTI<br>26/01/2024 – REPUBLIC DAY | 05 | 26 | 12/01/2024 – NATIONAL YOUTH DAY<br>25/01/2024 – NATIONAL VOTER'S DAY |



## राजकीय सेवाओं में चयनित टारगेट महाविद्यालय की प्रतिभाओं को हार्दिक बधाईयाँ...



कमलेश गोरा – Army | महेन्द्र कुमार जाट – IIIrd Grade Teacher | आशा वर्मा – IIIrd Grade Teacher | निधि बंसल – IIIrd Grade Teacher | अजय कुमार शर्मा – CRPF GD | मिनाक्षी – IInd Grade Teacher



विक्रम सिंह कड़वासरा – Lab Assistance | विकास कुमार जाट – Post Office | सुनिता जितरवाल – D.P. - S.I. | जितेन्द्र कुमावत – Hostel Sudt | राकेश यादव – Jail Prahari | प्रकाश गोरा – IDC Highcourt

## हमारा परिणाम ही हमारी पहचान सत्र 2021-22

### B.A. Topper



स्वाति शर्मा | आशा यादव | अंकित चौधरी | सीमा सेरावत | रेशमा | अंशिका यादव

### B.Sc. Topper



मुस्कान रंगरेज | अमीषा अग्रवाल | हर्ष अग्रवाल | शालिनी गुप्ता | निशा सेरावत | संजु कुमारी जाट

छात्राओं के लिए बस सुविधा

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं हेतु नि:शुल्क कॉम्पीटिशन क्लासेज की व्यवस्था

सभी विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय एवं वाचनालय की सुविधा

## महाविद्यालय शुल्क सत्र 2023-24

| CLASS | FACULTY | ARTS | SCIENCE |
|---|---|---|---|
| I YEAR | I SEMESTER | 5500/- | 8000/- |
| | II SEMESTER | 5500/- | 8000/- |
| II YEAR | ANNUAL | 7500/- | 10000/- |
| III YEAR | ANNUAL | 7500/- | 10000/- |

**अन्य शुल्क**

1. विवरणिका एवं प्रवेश फार्म शुल्क (स्नातक) ____ 200/- रू.
2. पुन: प्रवेश शुल्क ____ 200/-रू.
3. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र शुल्क ____ 250/-रू.
4. चरित्र प्रमाण-पत्र शुल्क ____ 50/-रू.
5. विकास शुल्क ____ 200/-रू.
6. डूप्लीकेट परिचय-पत्र शुल्क (शपथ पत्र अलग से देना होगा) ____ 100/-रू.
7. संकाय/विषय परिर्वतन शुल्क ____ 50/-रू.
8. विश्वविद्यालय शुल्क
   (क) परीक्षा शुल्क ____ नियमानुसार
   (ख) पंजीयन एवं पात्रता शुल्क ____ नियमानुसार

टिप्पणियाँ :-

1. फीस जमा करवाने के पश्चात् यदि कोई छात्र/छात्रा कॉलेज छोड़ता है तो उसे शेष सम्पूर्ण शुल्क जमा करवाने पर ही स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र एवं चरित्र प्रमाण-पत्र दिया जा सकेगा।
2. जमा करवाया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापिस नहीं होगा।

## छात्रवृत्ति योजनाएँ

### महाविद्यालय में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्धारा नियमानुसार देय समस्त प्रकार की छात्रवृत्ति सुविधाऐं :-

| क्रम संख्या | छात्रवृत्ति योजना का नाम | पात्रता व शर्तें | महाविद्यालय के लाभान्वित विद्यार्थी |
|---|---|---|---|
| 1. | मुख्यमंत्री उच्च-शिक्षा छात्रवृत्ति योजना | 12वीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को 5000/- रूपये प्रति वर्ष देय राशि | सत्र 2022-23 में 78 विद्यार्थी लाभान्वित |
| 2. | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (समाज कल्याण) विभाग | SC/ST/OBC/EWS/BPL से संबंधित सभी विद्यार्थियों को देय | सत्र 2022-23 में 58 विद्यार्थी लाभान्वित |
| 3. | काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना | केवल 12वीं पास छात्राओं को देय | सत्र 2022-23 में 05 विद्यार्थी लाभान्वित |
| 4. | देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना | 12वीं कक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त MBC छात्राओं को देय | |

(नियम व शर्तें लागू)



## निदेशक की कलम से ....



प्रिय अभिभावकगण एवं विद्यार्थियों,

**नवीन शिक्षा सत्र 2023-24 में आपका हार्दिक अभिनन्दन!**

वर्तमान के प्रतिस्पर्द्धात्मक शैक्षिक युग में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण, संस्कारित, रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु चौमूँ परिक्षेत्र में टारगेट शिक्षण संस्थान की स्थापना की गई।

स्कूल स्तरीय शिक्षा के सर्वश्रेष्ठ परिणाम एवं आशातीत सफलताऐं प्राप्त करने के उपरान्त उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु चौमूँ में सत्र 2010-2011 में टारगेट महाविद्यालय की स्थापना की गई। अपनी बहुआयामी संस्कृति एवं उत्तम शैक्षणिक वातावरण की वजह से टारगेट महाविद्यालय चौमूँ परिक्षेत्र का एक श्रेष्ठ महाविद्यालय है, जहाँ शिक्षा -ज्ञान के स्वर्णिम कुण्ड की परख रखने वाले महानुभाव, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ अपने विचार एवं अनुभव बाँट रहे हैं। यद्यपि एक सुनिश्चित योजना के साथ विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास हेतु महाविद्यालय ने सफल प्रयास किये हैं तथापि हम विनम्रता से यह भी स्वीकार करते हैं कि शैक्षिक-क्षेत्र में सुधार करने तथा विद्यार्थियों को आदर्श नागरिक बनाने हेतु अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है, जो आपके सहयोग से ही सम्भव हो सकेगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर आवश्यकताओं के मानकों को ध्यान में रखते हुए टारगेट महाविद्यालय में भौतिक सुविधाओं से युक्त नव-निर्मित महाविद्यालय भवन है, जिसमें उच्च स्तरीय कक्षा-कक्ष, सुसज्जित प्रयोगशालाऐं, परामर्श केन्द्र आदि हैं। उच्च योग्यताधारी एवं अनुभवी प्रवक्तागणों की प्रेरणा व मार्गदर्शन से यहां के विद्यार्थी एक विशेष पहचान बनाए हुए हैं। इस क्षेत्र में निवास करने वाले गणमान्य नागरिकों, समाज के प्रबुद्धजनों एवं संस्थान के सम्माननीय सदस्यों के सहयोग व सद्प्रयासों से सत्र 2010-11 में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार व उन्नयन करने के लिए विद्यालय व महाविद्यालय शिक्षा के साथ प्रतियोगी शिक्षा का कोर्स प्रारम्भ किया गया। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि परस्पर सहयोग से हमारे द्धारा किए जा रहे प्रयास नये आयाम स्थापित करेंगे। एकांत व शांत वातावरण तथा प्राकृतिक मनोरम हरीतिमा से सराबोर इस महाविद्यालय में मेधावी छात्र ही प्रवेश पाते हैं, जिन्हे उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करते हुए सतत् परिश्रमी होना पड़ता है। इसी का परिणाम है कि अन्य उच्च संस्थाओं से अध्ययन कर चुके मेधावी विद्यार्थी भी उत्तम गुणवत्तापूर्ण शिक्षार्जन के लिए टारगेट महाविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ संस्थान मानते हैं। महाविद्यालय के प्रवक्तागण अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में पारंगत हैं, जिनका ज्ञान, कौशल और गहन अनुभव भविष्य के निर्माताओं का मार्ग प्रशस्त करता है।


टारगेट महाविद्यालय बड़े स्वप्न देखने वाले तथा कुछ कर गुजरने की तमन्ना रखने वाले विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करता है। यहाँ की नियोजित शिक्षा-प्रणाली से विद्यार्थियों में सैद्धान्तिक व प्रायोगिक दृष्टिकोण विकसित होता है।

टारगेट महाविद्यालय में अध्यापन के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करवायी जाती है, जिससे विद्यार्थी रोजगारोंन्मुखी शिक्षा प्राप्त करके अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाते हैं। अत: यह कहां जा सकता है कि टारगेट महाविद्यालय ऐसे सुयोग्य नागरिक तैयार करता है जो केवल रोजगार या नौकरी ही प्राप्त नहीं करते बल्कि नई खोजों को जन्म भी देते हैं। यहाँ के विद्यार्थियों में अनेकानेक कौशलों द्धारा सकारात्मक सोच के साथ सामाजिकता, मानवीय-भावना, देश-सेवा, कुशल-नेतृत्व क्षमता आदि गुणों का विकास किया जाता है।

मैं यह जानकारी देते हुए गौरवान्वित हो रहा हूँ कि चौमूँ परिक्षेत्र के प्रबुद्धजनों तथा शिक्षाविदों ने टारगेट महाविद्यालय की उत्तम शिक्षा प्रणाली में विश्वास जताते हुए इसकी सराहना की है। मैं आप सभी सम्माननीय अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा प्रबुद्धजनों को यह विश्वास दिलाता हूँ कि टारगेट महाविद्यालय आगे भी आपके नौनिहालों के सर्वांगीण विकास व चरित्र निर्माण का संकल्प व्यक्त करते हुए उन्हें रोजगारोन्मुखी व गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के अपने उद्देश्य को अमली जामा पहना सकेगा। हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग, विश्वास व आशीर्वाद से महाविद्यालय के सकारात्मक प्रयास निश्चित रूप से फलीभूत होंगे।
महाविद्यालय के प्रति सहयोग व विश्वास हेतु सभी प्रबुद्धजनों व अभिभावकों को एक बार पुन: कोटि-कोटि धन्यवाद!

आपका
**अशोक गोरा**
निदेशक
टारगेट महाविद्यालय, चौमूँ (जयपुर)
मो. 9887440025

## प्राचार्य की कलम से ...



प्रिय अभिभावकगण एवं विद्यार्थियों,

नवीन शिक्षा सत्र 2023-24 में आप सभी का हृदय के अन्त: स्थल से अभिनन्दन!

मुझे प्रसन्नता है कि आप में से अधिकांश छात्र-छात्राऐं एवं अभिभावक टारगेट शिक्षण संस्था द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाओं से तथा उनकी शैक्षिक, बौद्धिक, सामाजिक और अनुशासन संबंधी गुणवत्ता से परिचित हैं। टारगेट महाविद्यालय विगत 13 वर्षो से जयपुर जिले व चौमूँ परिक्षेत्र के विद्यार्थियों की ज्ञान पिपासा की आपूर्ति हेतु सतत् प्रयत्नशील है। यहाँ के परीक्षा परिणाम सदैव ही श्रेष्ठ रहते हैं तथा विद्यार्थियों की पाठ्येत्तर गतिविधियां - यथा एन.सी.सी., राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर स्काईटिंग और समस्त प्रकार के खेलकूद टारगेट महाविद्यालय अपने स्तर पर संचालित करने हेतु प्रयासरत है, जिनमें विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए हमेशा प्रेरित किया जाता रहेगा और उसका परिणाम यह होगा कि टारगेट महाविद्यालय के छात्र सेना, अर्द्धसैनिक बल, राज्य स्तरीय तथा सहयोगी सेवाओं, आई. टी. सैक्टर, दिल्ली पुलिस, केन्द्रीय बल, केन्द्रीय सेवाओं आदि में अपना स्थान बनायेंगे। सत्र 2011-12 से टारगेट शिक्षण संस्थान द्वारा अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कोचिंग के लिए टारगेट कम्पीटीशन पॉइंट (टीसीपी) की व्यवस्था की गई है। जिससे छात्र और अधिक उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकें।

इस महाविद्यालय के अनुशासन, एकता, सौहार्द, ज्ञानार्जन और संस्कारिता के गरिमामय अतीत का ही परिणाम है कि यहाँ की मात्रात्मक एवं गुणात्मक अभिवृद्धि आपके सहयोग से सम्भव हो सकी है। शिक्षा समिति के अथक प्रयासों से आधारभूत ढाँचे में आमूल-चूल परिवर्तन एवं परिवर्धन हुआ है और विद्यार्थियों का शैक्षिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास किया जा रहा है।

हमारी हार्दिक अभिलाषा है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी कठोर मेहनत कर अनुशासन में रहते हुए आपका व संस्थान का नाम रोशन करेंगे साथ ही जीविकोपार्जन की शिक्षा प्राप्त कर सफलतम जीवन यापन करेंगे। आपका कल सफल, सुगम और सात्विक बने। मेरा आपसे! अभिभावकों से अनुरोध है कि इस महाविद्यालय को अपनी संस्था समझे और यहाँ आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु नि:संकोच सम्पर्क करें।

आपके सहयोग की अपेक्षा के साथ।


आपका
**डॉ. एन.पी. शर्मा**
प्राचार्य - टारगेट महाविद्यालय, चौमूँ (जयपुर)
मो. 9887442160


## उप-प्राचार्य की कलम से ...



प्रिय अभिभावकगण एवं विद्यार्थियों,

नवीन सत्र 2023-24 में आप सभी का हृदय के अन्त: स्थल से अभिनन्दन!

मुझे यह जानकारी देते हुए हार्दिक प्रसन्नता है कि चौमूँ परिक्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित शिक्षा के प्रसार एवं उन्नयन हेतु परिक्षेत्र में 'टारगेट शिक्षण संस्थान' की स्थापना की गई। इस संस्थान द्वारा ग्रामीण परिवेश से आने वाले एवं चौमूँ क्षेत्र में निवास करने वाले विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास हेतु एक मास्टर प्लान द्वारा शैक्षणिक संस्थान बनाकर प्रयास किया गया है तथपि हम विनम्रतापूर्वक यह भी स्वीकार करते हैं कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में सुधार एवं सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी तैयार करने हेतु अभी बहुत कुछ करना बाकी है, जो आप अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं गुरूजनों के सहयोग से ही सम्भव हो सकेगा।

शिक्षण संस्थान ने चौमूँ परिक्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव को देखते हुए सत्र 2010-11 में टारगेट महाविद्यालय की स्थापना की। मेरा मानना है कि अभिभावकों के सामने संख्यात्मक विकल्प तो बहुत है परन्तु गुणवत्तावूर्ण संस्थानों का अभाव है। गुणवत्तपूर्ण शिक्षा अर्जित करवाने की दृष्टि से 'टारगेट महाविद्यालय' ने अपना कदम दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाया है। अत: आप अपने नौनिहालों के भविष्य पर विचार करते हुए ऐसे संस्थान में प्रवेश दिलवाऐं जहाँ संख्या पर अधिक बल ना देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर अधिक बल दिया जाता हो।

आप सभी सम्माननीय अभिभावकों की अपेक्षाओं एवं भावनाओं का ध्यान रखते हुए इस शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को परिक्षेत्र में श्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु टारगेट महाविद्यालय में आमूल-चूल परिवर्तन किया गया है। जिससे विद्यार्थियों को पारिवारिक माहौल में उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान की जायेगी। इस शिक्षण संस्थान की सफलता के पीछे आपका सहयोग एवं विश्वास हमारे साथ रहा है। आगे भी आपके नौनिहालों के सर्वांगीण विकास एवं चरित्र निर्माण का संकल्प अभिव्यक्त करते हुए गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के अपने उद्देश्य के प्रति महाविद्यालय परिवार समर्पण व्यक्त करता है एवं हमारा विश्वास है कि शिक्षणसंस्थान का सकारात्मक प्रयास निश्चित रूप से फलीभूत होगा। सस्नेह!


आपका - **विजेन्द्र सिंह**
उप-प्राचार्य टारगेट महाविद्यालय, चौमूँ (जयपुर)
मो. 7737701757




# शैक्षणिक सत्र सारिणी 2023-24

### प्रथम भाग

### प्रवेश कार्यक्रम

**(अ) स्नातक पार्ट प्रथम**

| | |
|---|---|
| 1. ऑनलाईन/ऑफ लाईन आवेदन-पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि | बुधवार, 28 जून 2023 |
| 2. आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि | बुधवार, 05 जुलाई 2023 |
| 3. महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन की अन्तिम तिथि | शनिवार, 08 जुलाई 2023 |
| 4. अंतिम वरियता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन | सोमवार, 10 जुलाई 2023 |
| 5. अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण-पत्रों की जांच करवाकर शुल्क जमा करवाने की अन्तिम तिथि | गुरूवार, 13 जुलाई 2023 |
| 6. प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन | शुक्रवार, 14 जुलाई 2023 |
| 7. प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण व विषय आवंटन | शुक्रवार, 14 जुलाई 2023 |
| 8. संकाय/विषय परिवर्तन की अंतिम तिथि | अन्तिम प्रवेश सूची प्रकाशन के 15 दिवस तक |
| 9. महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम शिक्षण कार्य प्रारम्भ | शनिवार, 15 जुलाई 2023 |

**(ब) एकीकृत प्रवेश प्रक्रिया**

| | |
|---|---|
| 1. स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय के लिए प्रवेश नवीनीकरण | मंगलवार, 20 जून 2023 से बुधवार, 19 जुलाई 2023 |
| 2. स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय द्वारा शुल्क जमा करवाने की तिथि | मंगलवार, 20 जून 2023 से बुधवार, 19 जुलाई 2023 |
| 3. स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय में ऑफलाईन/ऑनलाईन अध्यापन कार्य | शुक्रवार, 01 जुलाई 2023 से प्रारम्भ |

## सत्र 2023-24 की गतिविधियाँ एवं अवकाश

### द्वितीय भाग

| | |
|---|---|
| 1. शैक्षणिक सत्र आरम्भ, विद्यार्थियों का मार्गदर्शन | शनिवार, 01 जुलाई 2023 |
| 2. सैद्धान्तिक एवं प्रयोगिक कक्षाओं में अध्यापन कार्य प्रारम्भ | |
| (अ) स्नातक प्रथम | शनिवार, 15 जुलाई 2023 |
| (ब) समस्त स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय | शनिवार, 01 जुलाई 2023 |
| 3. नियमित छात्रों द्वारा परीक्षा फॉर्म भरना | विश्वविद्यालय के अनुसार |
| 4. पूरक परीक्षाओं की समाप्ति | विश्वविद्यालय के अनुसार |
| 5. दशहरा अवकाश | रविवार, 22 अक्टूबर 2023 मंगलवार, 24 अक्टूबर 2023 तक |
| 6. विश्वविद्यालय नामांकन | विश्वविद्यालय के अनुसार |
| 7. दीपावली अवकाश | शुक्रवार, 10 नवम्बर 2023 से बुधवार, 15 नवम्बर 2023 तक |
| 8. शीतकालीन अवकाश | सोमवार, 25 दिसम्बर 2023 से रविवार, 31 दिसम्बर 2023 तक |
| 9. शैक्षणिक भ्रमण, अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ तथा सांस्कृतिक सप्ताह पुरस्कार वितरण समारोह | रविवार, 31 जनवरी 2024 तक |
| 10. N.S.S./ N.C.C. एवं रोवर स्काऊट गाइड के शिविरों का आयोजन एवं अन्य गतिविधियाँ | वर्ष पर्यन्त |
| 11. वार्षिक परीक्षाओं का प्रारम्भ | |
| (अ) नियमित विद्यार्थियों हेतु (स्नातक) | विश्वविद्यालय के अनुसार |
| 12. सत्र का समापन | रविवार, 30 जून 2024 |
| 13. परीक्षा परिणामों की घोषणा | विश्वविद्यालय के अनुसार |
| 14. नवीन सत्र का प्रारम्भ | सोमवार, 01 जुलाई 2024 |

# सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियाँ

















## समिति द्वारा संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं का संक्षिप्त विवरण :-

1. टारगेट महाविद्यालय (सह शिक्षा)
   राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
   स्नातक - (प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष)
   कला संकाय - B.A. Part I,II,III + Competition Classes
   विज्ञान संकाय - B.Sc. Part I,II,III + Competition Classes
2. टारगेट सीनियर सैकण्डरी स्कूल
   राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त
   कक्षा VI to X (Pre Foundation)
3. न्यू टारगेट साइन्स पॉइन्ट (अंग्रेजी माध्यम + हिन्दी माध्यम)
   (XI, XII Foundation) स्कूल + कोचिंग, IIT-JEE, NEET, AIIMS

(क) टारगेट कॉमर्स पॉइंट
   (XI, XII Foundation) स्कूल + कोचिंग, CA (CPT), CS, ICWAI

(ख) टारगेट आर्ट्स पॉइंट
   (XI, XII Foundation) for Raj. Board & Competition Exams.
   (भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, चित्रकला, इतिहास, अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, संस्कृत साहित्य, गृह विज्ञान, कम्प्यूटर ऐच्छिक)

4. न्यू टारगेट पब्लिक स्कूल
   (अंग्रेजी माध्यम) Nursery to XII
5. टारगेट एग्रो फाउण्डेशन
   XI, XII, Ag. JET/ICAR/BHU

## लेब, लाइब्रेरी एवं पार्किंग सुविधाएँ









## राजकीय सेवाओं में चयनित टारगेट महाविद्यालय की प्रतिभाओं को हार्दिक बधाईयाँ...



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनुप्रिया सैनी | अशोक कुमार यादव | बलदेव सैनी | दिनेश कुमार शर्मा | गजानन्द शर्मा | किरण चौधरी | महेश कुमार शर्मा |
| Railway | LDC | Nursing Asst. Army | RRB GC | Railway | Patwari | Raj. Police Constable |



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राकेश चौधरी | रविप्रकाश चौधरी | संजीव कुमार सैनी | सीमा यादव | सुरेन्द्र चौधरी | कृष्णा यादव | रोशन यादव |
| Lab Assistance | Jr. Accountant | Railway | LDC | Lab Assistance | Agri. Supervisor | LDC |



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गणेश जाट | सुनिल कुमार प्रजापत | दिनेश नासणा | कमलेश गुर्जर | सुनिल मीणा | अजय चौधरी | सुनिल कुमार शर्मा |
| SSC GD | BSF (HCRO) | Lab. Assistant | LDC | Raj. Police | Para Commando | Raj. Police |



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ज्योति शर्मा | बंशीधर देवन्दा | जगमोहन कुमावत | गोविन्दराम चौधरी | भवानीसिंह चौधरी | रामू डागर | राकेश कलवानियां |
| Lab. Assistant | IInd Grade Teacher | IInd Grade Teacher | ASO | Army | Jr. Accountant | Railway |



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| साधुराम दादरवाल | राकेश यादव | मुकेश कुमार गुर्जर | दीपेन्द्र शर्मा | बबीता गरेड़ | ममता यादव | जितेन्द्र चौधरी |
| Railway | Manager Coal India | RO Raj. Police | IIIrd Grade Teacher | CISF, ASI | Custom Inspector | IIIrd Grade Teacher |



## सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियाँ

